दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 06
अंकः- 214
मुरादाबाद
(Wednesday)
25 November 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

प्रकाश पर्वः राष्ट्रपति मुर्मू से पीएम मोदी तक ने किया नमन, हमारा गठबंधन जनता के साथः बोले- दुनिया को राह दिखा रही गुरु साहिब की सीख

गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। वहीं, अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में डुबकी लगाई।गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के मौके पर देशभर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर देश की राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री और कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों तक ने गुरु साहिब को नमन किया और देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।



सभी नेताओं ने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं आज भी पूरी दुनिया को इंसानियत, प्रेम, सच्चाई और आपसी भाईचारे का रास्ता दिखा रही हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा- समानता और सेवा को जीवन का आधार बनाएं- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर देश और विदेश में रहने वाले भारतीयों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लोगों से गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। राष्ट्रपति ने कहा कि गुरु नानक देव जी का संदेश पूरी मानवता को एकता के सूत्र में बांधने वाला है। उन्होंने गुरु नानक देव जी के %इक ओंकार% के संदेश का जिक्र करते हुए कहा कि इसका भाव यही है कि पूरी मानवता एक है। समाज में जाति, ऊंच-नीच और किसी भी तरह के भेदभाव की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। हर व्यक्ति को बराबर सम्मान मिलना चाहिए।नाम जपो, किरत करो और वंड छको-राष्ट्रपति ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने प्रेम, दया और इंसानियत की सेवा को जीवन का सबसे अहम हिस्सा बताया था। उनकी तीन प्रमुख सीख नाम जपो, किरत करो और वंड छको आज भी लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इसका मतलब है कि ईश्वर को याद करो, ईमानदारी से मेहनत करके कमाई करो और अपनी कमाई में से जरूरतमंदों के साथ भी हिस्सा बांटो। उन्होंने लंगर की परंपरा को याद करते हुए कहा कि इसके जरिए गुरु नानक देव जी ने समाज में बराबरी, भाईचारे और निस्वार्थ सेवा की मिसाल पेश की। राष्ट्रपति ने लोगों से अपील की कि वे गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपनाकर समाज और देश की भलाई में योगदान दें।पीएम मोदी बोले- पूरी दुनिया को प्रेरणा दे रही हैं गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं हमेशा मानवता का मार्गदर्शन करती रहेंगी। उनका संदेश हमें ऐसा समाज बनाने की प्रेरणा देता है, जहां दया, आपसी मेलजोल और सभी के कल्याण को सबसे ज्यादा महत्व दिया जाए। पीएम मोदी ने इस मौके पर एक वीडियो संदेश भी साझा किया। गुरु नानक देव जी की बातें सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए आज भी उतनी ही जरूरी और प्रेरणादायक हैं। उनकी शिक्षाएं हमें सादगी से जीवन जीने, दूसरों के साथ मिल-जुलकर रहने और जरूरतमंदों की मदद करने की सीख देती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने हमेशा पूरी मानवता के भले के बारे में सोचा। उन्होंने लोगों को सच्चाई, अच्छे कर्म, सेवा, दया और आपसी प्रेम का रास्ता दिखाया। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि दुनिया के अलग-अलग देशों में रहने वाले सिख भाई-बहन सेवा के कामों के जरिए गुरु साहिब की शिक्षाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। अपने संदेश के आखिर में उन्होंने गुरु नानक देव जी को नमन किया। भूकंप में तबाह हुआ था कच्छ का ऐतिहासिक गुरुद्वारा, मोदी ने फिर खड़ा कराया-गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर मोदी आर्काइव नाम के सोशल मीडिया हैंडल से एक वीडियो साझा किया गया। इसमें गुजरात के कच्छ में स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारे के पुनर्निर्माण से जुड़ी कहानी दिखाई गई। यह वही गुरुद्वारा है, जहां गुरु नानक देव जी की स्मृतियां आज भी जुड़ी हुई हैं। यहां उनकी पादुकाएं भी संभालकर रखी गई हैं।वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुराने भाषण का अंश भी शामिल है। इसमें उन्होंने बताया था कि 26 जनवरी 2001 को आए भूकंप में कच्छ के लखपत स्थित यह गुरुद्वारा बुरी तरह तबाह हो गया था। उस समय उन्होंने इसे केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि पूरी मानवता की अनमोल विरासत माना था। उन्होंने इसे दोबारा उसी रूप में बनवाने का संकल्प लिया और गुरुद्वारे का पुनर्निर्माण कराया। पीएम मोदी ने बताया था कि आज इस ऐतिहासिक गुरुद्वारे को दुनिया की विरासत में भी जगह मिली है।

संक्षिप्त समाचार

पंजाब में गठबंधन की घोषणाः अमित शाह बोले- अकाली दल बड़े भाई की भूमिका में होगा, मुख्यमंत्री भी उसी का रहेगा

पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के बीच गठबंधन की घोषणा हो गई है। दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि भाजपा और शिरोमणि अकाली दल (%%) आगामी 2027 पंजाब विधानसभा चुनाव एक साथ मिलकर लड़ेंगे।पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को बड़ा एलान हुआ है। भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के बीच गठबंधन हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस वार्ता में इसका एलान किया। इस वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी मौजूद हैं।शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल भी इस संयुक्त आयोजन का हिस्सा हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, सभी को गुरु पर्व की बधाई। हमारे राष्ट्रीय साहब के नेतृत्व में आज अभी-अभी एक बैठक हुई है और उसमें अकाली दल और भाजपा के प्रमुख नेताओं ने बैठकर एक फैसला लिया है कि अगला पंजाब विधानसभा का चुनाव भाजपा और अकाली दल दोनों मिलकर लड़ेंगे और आज से अकाली दल NDA के साथी के रूप में राजनीति में काम करेंगे। सरदार सुखबीर सिंह बादल जी का NDA में तहे दिल से स्वागत करता हूं... कल जब मैंने प्रधानमंत्री जी से ND के विस्तार के बारे में बात की, तो उन्होंने सुखबीर जी और हमारे अध्यक्ष जी को भी फोन किया।

भाजपा-अकाली गठबंधन पर केजरीवाल बोले- ये लोग सत्ता के लिए कभी एक साथ आ जाते हैं

पंजाब में भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के बीच गठबंधन हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस वार्ता में इसका एलान किया। गठबंधन को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा और शिरोमणि अकाली दल पर तीखा हमला बोला है।पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले शिरोमणि अकाली दल और भाजपा ने फिर से गठबंधन कर लिया है। भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की मौजूदगी में गठबंधन का एलान किया।



हम पंजाब के विकास के लिए काम कर रहे हैं- केजरीवाल गठबंधन को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, ‘‘हम लोगों का गठबंधन तो पंजाब की जनता साथ है। ये लोग सत्ता के लिए कभी एक साथ आ जाते हैं, कभी अलग हो जाते हैं, और फिर दोबारा साथ आ जाते हैं। वहीं दूसरी ओर हम पंजाब के विकास के लिए काम कर रहे हैं। पूरा पंजाब देख सकता है कि पिछले पांच वर्षों में भगवंत मान ने चीजों को ठीक करने के लिए कितनी लगन से काम किया है, ताकि पिछले 70-75 वर्षों में पंजाब को हुए नुकसान की भरपाई की जा सके।%वहीं, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने कहा, ‘‘यह सिर्फ एक राजनीतिक गठबंधन नहीं है, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव है। यह गठबंधन पंजाब के हित में, देश के हित में और सिख समुदाय के हित में है। पंजाब को कांग्रेस-आप ने बर्बाद कर दिया। केजरीवाल की टीम पंजाब को लूट रही है। पंजाब को फिर से सोने की चिड़िया बनाएंगे। नौजवानों और किसानों के हित में यह गठबंधन है।

राजीव की सुरक्षा हटाई गई ताकि उनकी हत्या हो सकेः सोनिया गांधी का बड़ा आरोप;बच्चों को बताया अपनी ताकत



कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सुरक्षा हटाए जाने को लेकर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने इसे जानबूझकर लिया गया फैसला बताया। उन्होंने अपने बेटे राहुल गांधी की पिता की सुरक्षा से जुड़ी बातें भी याद कीं। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सुरक्षा हटाए जाने को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजीव गांधी की सुरक्षा जानबूझकर हटाई गई थी, ताकि उनकी हत्या हो सके। उन्होंने यह बात अपने बच्चों राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ बातचीत में कही। यह बातचीत उनकी किताब %बिलॉन्गिंग- अ जर्नी ऑफ लव% को लेकर हुई।सोनिया गांधी ने एक्स पर वीडियो साझा किया। इसमें सोनिया गांधी ने बताया, मैंने बिलॉन्गिंग अपनी यादों के आधार पर लिखी है। राहुल और प्रियंका ने इसमें अपनी यादें जोड़ीं। इससे इन कहानियों को एक नया जीवन मिला। मेरे बच्चे मेरी सबसे बड़ी खुशी और ताकत हैं। यही दो ऐसे लोग हैं, जो किसी और से ज्यादा मेरे धैर्य की परीक्षा लेते हैं। सोनिया गांधी ने राजीव गांधी के उस दौरे को याद किया, जब वह लोकसभा में विपक्ष के नेता थे। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी खुले जीप में सफर करते थे। इस दौरान उन पर पत्थर फेंके गए थे। कई जगह विरोध प्रदर्शन भी हुए थे। उन्होंने कहा, %यह दौरा काफी खौफनाक था। मुझे विपक्षी दलों की सरकार वाले राज्यों में राजीव गांधी की सुरक्षा को लेकर चिंता थी। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले लोग इस पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहे थे। राहुल भी इन दौरों में अपने पिता के साथ थे। राहुल ने मां से क्या कहा था?-

सोनिया गांधी ने बताया कि एक दौरे से लौटने के बाद राहुल ने उनसे अपनी चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा, %जब वह घर आया, तो उसने मुझसे कहा- मां, अगर हमने पापा की सुरक्षा को लेकर कुछ नहीं किया, तो मुझे मालूम है कि मैं बहुत जल्द उनके अंतिम संस्कार के लिए वापस आऊंगा।

प्रकाश पर्वः योगी बोले- जब विदेशी ताकतें परेशान करती थीं, उस वक्त गुरुनानक जी ने मंत्र दिया कि %एक ओंकार

सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व लखनऊ में मनाया गया। इस अवसर पर डीएवी पीजी कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। कार्यक्रम में गुरु नानक देव जी के जन्मदिवस पर श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया गया।सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व (जन्मदिवस) के अवसर पर राजधानी के डीएवी पीजी कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रकाश पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरु नानक देव जी को नमन किया। सीएम योगी ने कहा कि आज कार्तिक पूर्णिमा की संध्या पर काशी में लाखों दीपक जलेंगे। ये मान्यता है कि भगवान शिव ने आज के दिन राक्षस त्रिपुरासुर का वध किया था। इसलिए ये आयोजन हर जगह उत्साह के साथ मनाया जाता है।गुरु नानक जी का एक ही



उद्देश्य था कि धर्म पर धर्म की विजय हो। सत्य पर सत्य की विजय हो। याद करिए वो दौर जब बिखरा हुआ समाज था।उस वक्त गुरुनानक जी ने एक मंत्र दिया कि एक ओंकार- मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव जी महाराज के तीन प्रमुख सिद्धांतों %नाम जपो, कीरत करो, वंड छको% की व्याख्या करते हुए कहा कि ईश्वर का स्मरण, कीर्तन और सामूहिकता मनुष्य के भीतर सकारात्मक भाव पैदा करते हैं। इससे अज्ञानता दूर होती है और समाज में एकजुटता की शक्ति जागृत होती है। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास जी की पंक्ति श्रद्धावान् लभते ज्ञानम् का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रद्धा के माध्यम से ही ज्ञान की प्राप्ति होती है। गुरु नानक देव जी महाराज भी कीर्तन के माध्यम से मनुष्य के भीतर श्रद्धा और सद्भाव का भाव जागृत करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने %ंड छको के सिद्धांत को सामाजिक समानता और सहभागिता का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि इसका आशय है कि कोई भी व्यक्ति उपेक्षित न रहे और सभी मिल-बांटकर भोजन करें। गुरुद्वारों में संचालित लंगर की परंपरा आज भी इस महान विचार को साकार कर रही है। वहां किसी की जाति, मत या मजहब नहीं पूछा जाता। हर व्यक्ति एक साथ पंगत में बैठकर समान सम्मान के साथ भोजन करता है। यह केवल भोजन कराने की व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सेवा, समानता और मानवीय संवेदना का अनुपम उदाहरण है।मुख्यमंत्री ने लंगर की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि सबको एक साथ लंगर चखते हुए देखना उन्हें बहुत अच्छा लगता है, जिसकी शुरुआत गुरु नानक जी ने की थी। उन्होंने गुरु नानक जी की बातों को याद करते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देती हैं। नाम जपने और कीर्तन करने से दूर होती है अज्ञानता- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु नानक देव जी के संदेश आज भी समाज को एकता और सद्भाव की राह दिखाते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलते हुए नाम जपने और कीर्तन करने से अज्ञानता दूर होती है। कीर्तन से समाज में एक शक्ति जागृत होती है। श्रद्धावान व्यक्ति को ही ज्ञान प्राप्त होता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने नाम जपने यानी ईश्वर का स्मरण करने का संदेश दिया।

देश को बदनाम करने से नहीं चमकेगी राजनीतिः राहुल गांधी पर भाजपा का वार, कहा- जनता कभी नहीं करेगी स्वीकार



अमेरिका में भारतीय अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाने को लेकर भाजपा ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि देश के प्रति नकारात्मक सोच रखने वाले नेता को जनता स्वीकार नहीं करेगी। वहीं, गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर भाजपा नेताओं ने पंजाब समेत पूरे देश को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।अमेरिका दौरे के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था और चुनाव व्यवस्था पर सवाल उठाने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भाजपा ने जोरदार हमला बोला है। भाजपा का कहना है कि राहुल गांधी भले ही विदेश जाकर अपनी राजनीति को दोबारा चमकाने की कोशिश करें, लेकिन देश के खिलाफ नकारात्मक बातें करने वाले नेता को जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। राहुल के अमेरिका में दिए गए बयान को लेकर देश की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है। भारत की बढ़ती ताकत का किया जिक्र- प्रदीप भंडारी ने भारत की आर्थिक और वैश्विक स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने लोवी इंस्टीट्यूट की एशिया पावर इंडेक्स रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत एशिया की तीसरी सबसे ताकतवर शक्ति बनकर उभरा है। उन्होंने यह भी कहा कि गोल्डमैन सैक्स और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल बताया है।राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए भंडारी ने कहा कि वह विदेश की जमीन से अपनी राजनीतिक पारी दोबारा शुरू करने की कितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन देश के प्रति नफरत रखने वाले व्यक्ति को भारत की जनता स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बयान देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाले हैं।

संपादकीय Editorial

The Third Phase of the Iran War

Whether US President Trump and Iranian leaders and commanders acknowledge it or not, declare it, or continue to launch devastating attacks, the reality is that the third phase of the Iran War has begun. For the past three to four days, the US military has been carrying out airstrikes on locations like Hormuz, Qeshm Island, Sirik, and Bandar Lenghe Port. During the war, the US tested the Minuteman-3 missile, which can strike at a range of 7,000 kilometers. The B-94 nuclear bomb has also been mentioned in a Senate committee. Could the US attack Iran with nuclear weapons? This question remains a matter of speculation. However, large US aircraft carriers are deployed in the sea near Iran, equipped with fighter jets, missiles, and thousands of Marine Commando-type soldiers. The US is conducting airstrikes on Iran's southern coastal areas, destroying IRGC missile bases, missile launchers, and communication and radar systems. The IRGC's weapons depot has been attacked, resulting in the loss of six soldiers. In the past two days, Iran has shot down a US Patriot system and four MQ drones. Iran has retaliated so forcefully that several US ministers and officials had to be evacuated to secure military bunkers. Most European countries—Germany, Spain, Italy, France, Britain, Portugal, Greece, etc.—have issued terrorist alerts. Iran has repeatedly stated that attacks will be launched outside West Asia. European countries are targeted by Iranian missiles. Cyberattack alerts have also been issued. Europe's largest gas supply company, Equinor, has been cyberattacked, hacking its IT systems. It is currently unconfirmed whether this cyberattack was carried out by Iran or another power. Defense experts believe that more than 50 Iranian agents are active in Europe, known as "sleeper cells."

They are trained and capable of carrying out cyber and hybrid attacks. Threats are being made that political figures, strategic locations, and power plants could be targeted. Fears of the use of so-called dirty bombs and chemical bombs are also being raised. Currently, Iran has attacked US military bases and facilities in Bahrain, Kuwait, and Qatar. Bahrain has been hit by four devastating missile strikes in six days. Iran's Security Council member, Thani, has even warned of a nuclear attack on the US. Has Iran developed a nuclear bomb? Significantly, Iran's underground "missile city" remains alive and active. Iran has entered the third phase of war with a force of 2,500 missiles. Meanwhile, two "Iron Domes" have been deployed in Israel. Military activity has suddenly increased. It's a strange irony and paradox that the "grand meeting" between Chinese President Xi Jinping, US President Trump, and Russian President Putin took place for the first time in Shenzhen, China. War is also on the agenda. On one hand, there is dialogue, while on the other, destructive wars (Iran and Ukraine) continue. Even an immediate ceasefire failed to materialize. What will be the fate of these wars? The Iran war has sown a global oil and gas crisis. Europe, once proud of its prosperity, is now crippled by these crises. The International Energy Agency released 400 million barrels of oil in March 2026. Furthermore, a decision was made to release 100 million barrels of oil and diesel on an "emergency" basis in October 2026. In a country like the United States, strategic oil reserves have fallen to their lowest level since 1982. Not only has Iran's economy shrunk by 25 percent, but US military expenditure has reached $47.1

Healthy Livestock Helps Farmers Prosper: Shivraj Singh Chauhan

In his article, Shivraj Singh Chauhan described healthy livestock as the foundation of farmers' prosperity and the rural economy. Healthy livestock is the foundation of farmers' prosperity and the rural economy.

India has developed several indigenous vaccines for animal diseases. Self-reliance has increased in vaccines against lumpy, swine fever, and avian influenza. Recently, Prime Minister Narendra Modi, regarding livestock health and the economic prosperity of livestock farmers, said that if animals are healthy, livestock farmers' income will also increase. This idea reflects the broader vision of Indian agriculture and animal husbandry, in which farmers' income, livestock health, and the rural economy are deeply intertwined. Protecting animals and birds from infectious diseases is not just a veterinary issue, but a crucial responsibility for farmers' livelihoods, nutritional security, and the national economy. Animal husbandry, dairy, and poultry play a vital role in the agricultural economy. These activities provide income, employment, and economic security for millions of rural families, especially women and small and marginal farmers. Livestock also provides an economic support in times of crisis. In this context, the prevention of animal diseases and the availability of effective vaccines are integral to the country's agricultural development strategy.

Over the past decade, India has made significant progress in indigenous vaccine development against animal and poultry diseases. Indian Council of Agricultural Research (ICAR) institutes and scientists across the country have developed numerous scientific solutions, taking into account local conditions, Indian virus strains, and the nature of diseases. This has increased the potential for reducing import dependence, increasing vaccine availability, and strengthening the country's biosecurity. This is an important scientific dimension of the resolve for a self-reliant India. In this direction, the subviral particle-based Infectious Bursal Disease (Gumboro) vaccine developed in 2019 was a notable achievement of modern biotechnology in the field of poultry health. The Brucella abartus S19 Delta-Per (DIVA) vaccine developed in 2020 presented new possibilities for brucellosis control. Similarly, the indigenous cell culture vaccine for classical swine fever has become an important option for pig farmers.

Indian scientists are now capable of developing innovative solutions to meet the country's needs for animal diseases. The development of the indigenous vaccine against lumpy skin disease, Lumpy-Provakind (Lumpy-Proveskind), in 2022 was a landmark achievement. Scientists from the ICAR-National Research Centre on Equines, Hisar, and the ICAR-Indian Veterinary Research Institute, Izatnagar, jointly developed this vaccine. The outbreak of lumpy skin disease had caused significant economic losses to the country's livestock farmers. The development of this indigenous vaccine and the commercial transfer of its technology paved the way for large-scale vaccine production in the country. This is also an example of successful technical collaboration between Indian research institutes and industry.

The indigenous vaccine against African Swine Fever, developed by the ICAR-National Institute of High Security Animal Diseases, Bhopal, is also a major achievement. This disease had caused severe economic losses to pig farmers, especially in Northeast India. The dedication of this vaccine to the nation in August 2026 marks a significant milestone in India's growing self-reliance in animal health research. The production of this vaccine eliminates the need for reliance on expensive and patent-dependent foreign cell lines. This will strengthen the potential for affordable and widespread production in the future. In this context, the development of an indigenous vaccine against highly pathogenic avian influenza in chickens is another important example of the country's scientific capabilities. Since the disease was first identified in India in 2006, numerous outbreaks of various subtypes have occurred. Large-scale culling of infected birds, trade restrictions, and reduced production have caused significant economic losses to poultry farmers.

Some strains of avian influenza also have the potential to infect humans and other mammals. Therefore, its control is crucial for both animal health and public health. Addressing this challenge, the ICAR-National Institute of High-Security Animal Diseases, Bhopal, developed an inactivated H5N1 vaccine for chickens. Trials have yielded encouraging results, demonstrating protective immunity for six months after vaccination and no virus transmission to exposed birds in challenge tests. These achievements will only become truly significant when they reach farmers beyond scientific research laboratories. The Central Government is continuously strengthening the vaccination, disease surveillance, and control system through the National Livestock Health and Disease Control Program and the National Animal Disease Control Program. Coordination between universities, research institutes, private industry, and state governments is also being strengthened.

One Health is also crucial in light of the changing climate landscape and emerging infectious diseases. Human, animal, and environmental health are interconnected. Therefore, early disease detection, scientific surveillance, research, and effective vaccination must be pursued in an integrated manner. India's goal is not only to protect its livestock and poultry resources, but also to provide affordable, effective, and quality animal vaccines to the world. We also want to become a leading nation in the world. The true meaning of self-reliant India is that the country develops solutions to its challenges through its own scientific capabilities, research, and innovation. Healthy livestock, a secure poultry sector, and prosperous farmers are crucial pillars of our journey towards a developed India.

The Challenge of Fulfilling the Constitutional Promise

Even beneath the language of equality in higher education institutions, caste can persist in relationships and institutional practices. Caste discrimination in higher education remains a serious challenge. Literature is instrumental in exposing caste-based humiliation and discrimination. Universities must fulfill the constitutional promise of equality. The fundamental purpose of education, especially higher education, is to develop independent and critical thinking. Education is supposed to liberate individuals from social hierarchies and prejudices assigned by birth, but ironically, our educational institutions are still reproducing those very hierarchies in new forms. Universities should be centers of reason, logic, and dialogue, but what happens there often seems to reinforce prejudices. We must ask how caste impacts the experience of dignity despite constitutional guarantees, reservations, and the expansion of education. Perhaps literature can help us understand this question. Omprakash Valmiki's autobiography, "Juthan," is a poignant example of how education is a path to social liberation, but caste-based humiliation and discrimination also accompany it. Bama's "Karukku" also challenges the notion that education and social mobility automatically eliminate caste. Even beneath the language of equality, caste can persist in relationships and institutional practices.For an SC/ST student, entering university is not merely an individual achievement. It embodies the aspirations of generations who were denied access to knowledge and educational opportunities. Merit is often presented as if it has no connection to social circumstances, whereas the truth is that better schools, books, coaching, computers, a conducive family environment, and social connections play a role in the development of merit. How can we objectively evaluate merit while ignoring the inequality in the conditions under which merit is developed and demonstrated?

Daya Pawar's "Balutam" exposes the social mechanisms through which caste controls human dignity and dependency. Sharankumar Limbale's "Akkarmashi" reveals the pain of being made to feel as if one's own existence lacks any legitimacy. Premchand's "Sadgati" also confronts questions that modern India perhaps now wants to forget, considering them past. Giriraj Kishore's novel "Parishandhi" takes similar questions into the country's prestigious technical educational.

टाइड एवं अनटाइड ग्रांट से स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराएं : जिलाधिकारी



राजस्व सृजन वाले कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश, बारातघरों के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्थानीय निकायों में टाइड एवं अनटाइड ग्रांट के अंतर्गत स्वीकृत विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शासनादेश में निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय निकायों में विकास कार्यों के साथ-साथ ऐसे कार्यों को भी प्राथमिकता दी जाए, जिनसे निकायों की आय में वृद्धि हो और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन स्थानीय निकाय क्षेत्रों में बारातघर उपलब्ध नहीं हैं, वहां बारातघर निर्माण को प्राथमिकता दी जाए। वहीं, जिन निकायों में बारातघर पहले से संचालित हैं, वहां आवश्यकतानुसार उनका सौंदर्यीकरण एवं सुविधाओं का विस्तार कराया जाए। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय निकायों को राजस्व प्राप्त होगा तथा नागरिकों को भी सुविधाजनक एवं बेहतर आयोजन स्थल उपलब्ध हो सकेगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत सभी कार्य 31 दिसंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराए जाएं। निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधित अधिशासी अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन स्थानीय निकायों में दुकानें एवं अन्य व्यावसायिक परिसंपत्तियां विकसित की जानी हैं, वहां ई-रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, ताकि इन परियोजनाओं से राजस्व सृजन के साथ-साथ आमजन को आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकें।बैठक में स्थानीय निकायों द्वारा संचालित एवं प्रस्तावित कार्यों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एडीएम प्रशासन श्री प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी सहित संबंधित विभागों एवं स्थानीय निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।

शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार दो दोस्तों की मौत, तीसरे की हालत गंभीर, देर रात हुआ हादसा





शादी समारोह से लौट रहे तीन दोस्तों की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में सुलेमान और सानिब की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिये टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है। भगतपुर थाना क्षेत्र के दलपतपुर-अलीगंज मार्ग पर मंझरा बेरखेड़ा गांव के पास रविवार की देर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।

इस हादसे में शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार दोस्तों सुलेमान (20) और सानिब (19) की मौत हो गई।इस हादसे में इनका तीसरा साथी कादिर (20) गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस हादसा करने वाले वाहन की तलाश में जुटी है। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि भगतपुर थाना क्षेत्र के जाहिदपुर सीकमपुर निवासी सुलेमान, सानिब और कादिर मूंढापांडे थानाक्षेत्र के नरखेड़ा गांव में अपने एक अन्य दोस्त के घर शादी समारोह में शामिल होने गए थे।

रविवार की देर रात करीब 12 बजे तीनों दोस्त एक बाइक से ही अपने घर लौट रहे थे। इनकी बाइक रविवार की देर रात करीब 12 बजे भगतपुर थाना क्षेत्र में दलपतपुर-अलीगंज मार्ग पर मंझरा बेरखेड़ा गांव के पास पुलिया से गुजर रही थी। इसी दौरान किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।इस हादसे में सुलेमान और सानिब की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कादिर गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर मृतकों की पहचान की। वहीं घायल को अस्पताल पहुंचाया।एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह का कहना है कि इस मार्ग किनारे स्थित भवनों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिये हादसा करने वाले वाहनों की पहचान की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

छात्रवृत्ति आवेदन लंबित मिले तो कॉलेजों की मान्यता पर भी आएगी आंच

रामपुर। दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं के आवेदन लंबित रखने वाले शिक्षण संस्थानों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने सभी संस्थानों को 25 नवंबर 2026 की शाम तक अपने लॉगिन पर लंबित आवेदनों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। तय समय सीमा के बाद भी आवेदन लंबित मिलने पर प्रबंधक, प्रधानाचार्य और छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबद्धता एजेंसी के माध्यम से मान्यता प्रत्याहरण की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।सूरज कुमारी के मुताबिक, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत बड़ी संख्या में आवेदन संस्थान स्तर पर लंबित हैं। 23 नवंबर तक की समीक्षा में भगवान देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में सभी वर्गों के सबसे अधिक आवेदन लंबित मिले हैं।इसके अलावा भगवान देवी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, सुभाष स्मारक डिग्री कॉलेज रामपुर, खालसा महाविद्यालय मिलक, गुरुकुल महाविद्यालय बिलासपुर, सावित्री देवी पीजी कॉलेज सरकथल, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय डिग्री कॉलेज, श्रीमती शांति चौहान स्मारक डिग्री कॉलेज, ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन नरायनपुर टांडा, डॉ. रामबहादुर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज रामपुर और इंटीग्रल डिग्री कॉलेज रामपुर में भी आवेदन लंबित पाए गए हैं।अन्य सभी कॉलेजों को भी अपना लॉगिन जांचकर एक भी आवेदन लंबित न रखने की चेतावनी दी गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने स्पष्ट किया कि छात्रवृत्ति विद्यार्थियों के हित से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है। इसमें लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्धारित समय सीमा के बाद किसी भी संस्थान के लॉगिन पर आवेदन लंबित मिलने पर संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दढ़ियाल के निजी अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत, सील

रामपुर। दढ़ियाल के निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान एक परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। ऑपरेशन के दौरान महिला ने मृत बच्ची को जन्म दिया। इसके कुछ घंटे बाद महिला की भी मौत हो गई। जच्चा-बच्चा की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और अस्पताल प्रबंधन पर उपचार में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए। मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने श्री साईं हॉस्पिटल को सील कर दिया है।दढ़ियाल के मोहल्ला ऊपरवाला निवासी शाइस्ता को 22 नवंबर को प्रसव पीड़ा होने पर श्री साईं हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। यहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन से प्रसव कराया। इस दौरान शाइस्ता ने मृत पुत्री को जन्म दिया। बच्ची की मौत से परिवार के लोग सदमे में थेइसी बीच उपचार के दौरान कुछ घंटे बाद शाइस्ता की भी मौत हो गई। एक साथ मां और नवजात की मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना से नाराज परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया और प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए। घटना के बाद अस्पताल के कर्मचारी अस्पताल बंद कर वहां से चले गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की। टांडा के चिकित्साधीक्षक डॉ. सतपाल सिंह ने बताया कि सीएमओ के आदेश पर श्री साईं हॉस्पिटल को सील कर दिया गया है।दढ़ियाल के श्री साईं हॉस्पिटल में जच्चा-बच्चा की मौत का मामला सामने आया है। मामले में अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को लेकर कार्रवाई की जा रही है। अस्पताल का पंजीकरण निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। अस्पताल को सील कर दिया गया है। -डॉ. दीपा सिंह, सीएमओ

शिवम यादव का कार्बन कलेक्टर मॉडल रहा प्रथम, मिला आठ हजार का पुरस्कार

रामपुर। छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने की सोच बड़े आविष्कारों का रास्ता खोल सकती है। असंगठित क्षेत्र के नव प्रवर्तकों ने सोमवार को रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित प्रदर्शनी में अपने जुगाड़ आधारित नवाचारों का प्रदर्शन किया।जिला विज्ञान क्लब की ओर से आयोजित नवप्रवर्तन जन जागरूकता कार्यक्रम में शिवम यादव का कार्बन कलेक्टर मॉडल प्रथम स्थान पर रहा। उन्हें आठ हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया।विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश शासन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल रहे। विशिष्ट अतिथि सीडीओ गुलाब चंद्र और क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी सुरेश चंद्र शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कमल कुमार आर्य ने की।प्रदर्शनी में प्रतिभागियों ने कम लागत और स्थानीय संसाधनों से तैयार किए गए नवाचारों का प्रदर्शन किया। मूल्यांकन समिति ने उमैमा के टेस्ला कोइल मॉडल को दूसरा स्थान दिया। उन्हें पांच हजार रुपये का चेक मिला। हिफ्जा नूर का नारी सेफ्टी चार्म मॉडल तीसरे स्थान पर रहा। उन्हें तीन हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। इस दौरान जिला समन्वयक डॉ. सोमपाल सिंह, दीपक गुप्ता, शिवम खत्री, राधिका आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

मुरादाबाद की ड्रोन दीदियों की राह होगी आसान, खेतों तक ड्रोन ले जाने के लिए मिलेगी कार्गो वैन



मुरादाबाद की ड्रोन दीदियों को खेतों तक ड्रोन ले जाने में अब आसानी होगी, क्योंकि उन्हें कार्गो वैन उपलब्ध कराई जा रही है। ड्रोन दीदियों को अब किसानों के खेतों तक ड्रोन ले जाने में परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। दोनों ड्रोन दीदियों को ड्रोन ले जाने के लिए कार्गो वैन उपलब्ध कराई जाएगी।इसके लिए करीब दस लाख रुपये के बजट की व्यवस्था की गई है। वैन की शेष लागत समूह की ओर से वहन की जाएगी। जिले में हिमानी और गार्गी दो ड्रोन दीदियों को ड्रोन उपलब्ध कराए गए हैं। दोनों ड्रोन के माध्यम से किसानों के खेतों में रासायनिक दवाओं और नैनो यूरिया का छिड़काव करती हैं। इसके साथ ही महिलाओं और किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती करने के प्रति जागरूक भी कर रही हैं। ड्रोन से छिड़काव के काम से दोनों महिलाओं को आमदनी हो रही है, जिससे उनकी आजीविका चल रही है। डीसी मनरेगा आरपी भगत ने बताया कि ड्रोन दीदियों को कार्गो वैन उपलब्ध कराने के लिए सीएसआर फंड से बजट की व्यवस्था की गई है। शेष धनराशि समूह को वहन करनी होगी। इससे ड्रोन दीदियों के काम को गति मिलेगी और उनकी आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

आजम खां के जौहर विश्वविद्यालय पर फिर टला बुलडोजर का खतरा! 38 इमारतों के ध्वस्तीकरण मामले में मिली नई तारीख

आजम खां के जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण मामले में सुनवाई टल गई है। गंगा स्नान के कारण वकीलों के कार्य स्थगन के चलते अब 7 जनवरी 2027 को नई तारीख मिली है।गंगा स्नान के कारण कमिश्नरी के अधिवक्ताओं के कार्य स्थगन के चलते नहीं हुई सुनवाई।सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां के रामपुर स्थित जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण आदेश प्रकरण में सोमवार को कमिश्नर कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। विश्वविद्यालय के अधिवक्ता जुनैद एजाज ने बताया कि गंगा स्नान के कारण कमिश्नरी के वकीलों के कार्य स्थगन के चलते सुनवाई नहीं हुई। अब सुनवाई के लिए नई तारीख सात जनवरी 2027 तय की गई है।



रामपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) के उपाध्यक्ष व रामपुर के डीएम ने 15 जुलाई को जौहर विश्वविद्यालय के 40 भवनों में 38 को अवैध ठहराया था। जिसके खिलाफ विश्वविद्यालय प्रबंधन के अधिवक्ता की ओर से कमिश्नर कोर्ट में 20 जुलाई को अपील दायर की गई थी।27 जुलाई को सुनवाई करते हुए तत्कालीन कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने ध्वस्तीकरण आदेश पर सुनवाई चलने तक रोक लगा दी थी। इसके बाद से एक के बाद एक 22 अक्टूबर को आठवीं तारीख 23 नवंबर लगी।

22 अक्टूबर को कमिश्नर संगीता सिंह की कोर्ट में सुनवाई थी जिसमें विश्वविद्यालय के अधिवक्ता की ओर से 17 भवनों के मानचित्र न्यायालय में दिये गए तथा शेष प्रपत्र एकत्र कर पेश करने के लिए एक माह का समय मांगा गया था।साथ ही आवेदन पत्र दिया गया था कि न्यायालय सीधे डीएम से रिकार्ड तलब करे जिसे कमिश्नर कोर्ट ने खारिज कर दिया था। प्रपत्र पेश करने के लिए बार-बार समय मांगे जाने का जिला शासकीय अधिवक्ता मंडलीय न्यायालय दिनेश चौहान ने विरोध किया था।कहा था आखिर कब तक समय लिया जाएगा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने विश्वविद्यालय के अधिवक्ता को प्रपत्र के लिए एक माह का समय समय दिया था। शासकीय अधिवक्ता ने बताया था कि कोर्ट ने विश्वविद्यालय के अधिवक्ता को प्रपत्र पेश किये जाने का अंतिम अवसर दिया।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

कार्तिक पूर्णिमा पर भोलापुर गंगा मेले में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, रामगंगा में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

@ क्यूँ न लिखूँ सच



शशांक गुप्ता (मोनू गुप्ता)

फतेहगंज पश्चिमी। ब्लॉक के भोलापुर गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। रामगंगा नदी में स्नान के लिए लोग सुबह ब्रह्म मुहूर्त से पहुंचने लगे। उनका आना देर शाम तक जारी रहा।दर्जनों गांवों से महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे मेले में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने नदी में स्नान किया, पूजा-अर्चना की और गरीबों को दान दिया। घाट पर भजन-कीर्तन भी हुए।मान्यता के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा पर पवित्र नदियों में स्नान, पूजा और दान-पुण्य किया जाता है। ब्रह्म मुहूर्त में स्नान को विशेष फलदायी माना जाता है।कई परिवार अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराने घाट पहुंचे। संस्कार के बाद परिजनों ने पूजा-अर्चना की और प्रसाद बांटा। दूर-दराज से आए परिवारों ने मेले में खरीदारी भी की।

सीओ हाईवे देवेश सिंह और थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पुलिसकर्मियों के साथ मेले में गश्त करते रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं से शांति बनाए रखने की अपील की। ग्राम प्रधान महावीर सिंह ग्रामीणों के साथ मेले की व्यवस्था संभालते रहे।

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष टेका माथा, लंगर सेवा के साथ बांटे पौधे

@ क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली।(ब्यूरो) सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व पर मंगलवार को बरेली कॉलेज हॉकी ग्राउंड में अयोजित भव्य कीर्तन दीवान में कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने सम्मिलित होकर श्रद्धा व्यक्त की। रागी जत्थों द्वारा प्रस्तुत शबद कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष श्रद्धापूर्वक माथा टेका। गुरु साहिब का आशीर्वाद व बख्शीश प्राप्त कर प्रदेश व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके बाद लंगर में सम्मिलित होकर सेवा भाव के साथ गुरु का अटूट लंगर वितरण किया। इस पावन अवसर को सार्थक बनाते हुए उन्होंने उपस्थित संगत को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। संगत को पौधों का वितरण कर अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया। इस दौरान सरदार परमजीत सिंह ओबराय, सरदार हरप्रीत सिंह खालसा, ज्ञानी काला सिंह, सरदार मनजीत सिंह नागपाल, सरदार दलबीर सिंह, सरदार अमरजीत सिंह कालरा, सरदार मनमोहन सिंह एवं सरदार अवतार सिंह कालरा सहित सिख समाज के अनेक गणमान्यजन व संगत उपस्थित रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

हाईवे पर ट्रक ने कार को मारी टक्कर, चार घायल

शशांक गुप्ता (मोनू गुप्ता)

फतेहगंज पश्चिमी। मंगलवार को नेशनल हाईवे पर एएनए मोड़ के पास रेत-बजरी भरे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में एक ही परिवार के कार सवार चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से बरेली अस्पताल भिजवाया। मंगलवार देर शाम हरदोई के शाहाबाद निवासी कार सवार रामपुर से अपने घर लौट थे।हाइवे पर शंका पुल के पास एएनए मोड़ पर पहुंचने पर एएनए रोड से हाईवे पर आ रहे रेत भरे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई और चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के द्वारा सभी को बरेली निजी अस्पताल भेज दिया।हादसे के दौरान कार में बैठे एक ही परिवार के प्रियंका, मोहित, रमादेवी और प्रेम सागर गंभीर घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक प्रवीन कुमार ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजा गया है। क्षतिग्रस्त वाहनों को थाने पर खड़ा कराया गया है।चालक ट्रक समेत हिरासत में है।

अयोध्या धाम से जनकपुर तक विशेष ट्रेन चलने पर श्रद्धालुओं ने की योगी सरकार की सराहना

@ क्यूँ न लिखूँ सच



बिलारी । रामनगरी अयोध्या धाम से नेपाल के जनकपुर तक 604 किलोमीटर विशेष ट्रेन सेवा उपलब्ध कराने को लेकर श्रद्धालुओं ने योगी सरकार की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है। इसकी जानकारी मिलते ही धर्म प्रेमियों में खुशी और बढ़ गई क्योंकि जनकपुर माता सीता का प्रकट स्थल है और अयोध्या प्रभु राम का जन्म स्थान है।

इन दोनों स्थानों के बीच विशेष रेलगाड़ी चलने से श्रद्धालु दोहरा आध्यात्मिक लाभ ले सकेंगे। सत्रह कोच वाली स्टैंड में 1150 श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गई है जो उचित है। इसको लेकर सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान ने कहा यह सरकार धार्मिक स्थलों को सुदृढ़ करने के साथ ही श्रद्धालुओं की सेवा और सुविधा पर भी विशेष ध्यान दे रही है जिससे सनातन को और मजबूती मिली है। ट्रस्ट के अध्यक्ष ने कहा योगी सरकार की इस पहल के लिए जितनी सराहना की जाए कम है। शांतिपुरम निवासी धर्म प्रेमी कुलदीप शर्मा कहते हैं योगी जी दिनों दिन धर्म के उत्थान का काम कर रहे हैं जिसमें अयोध्या धाम से जनकपुर तक की रेल सेवा उनकी विशेष उपलब्धि है हम उनका कोटि-कोटि धन्यवाद करते हैं। सहसपुर निवासी सिद्धार्थ शेखर ने इस बारे में कहा आधुनिक श्रेणी के कोच लगाकर साढ़े ग्यारह सौ यात्रियों की क्षमता वाली यह ट्रेन निश्चित ही नेपाल और भारत के आध्यात्मिक रिश्तों को और मजबूत करेगी। अब जो श्रद्धालु अयोध्या धाम से ही लौटते थे उनमें से अधिकतर जनकपुर भी जाना पसंद करेंगे। सहसपुर निवासी अधिवक्ता प्रमोद कुमार सक्सेना ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा नेपाल हमारा पड़ोसी देश होने के साथ आध्यात्मिक देश है ऐसे में दो प्रमुख तीर्थ स्थलों को जोड़ने वाली यह प्राचीन और अत्यंत महत्वपूर्ण लाइन है इससे जहां श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी वहीं वहीं दोनों देशों के रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे।

दिल्ली आंदोलन को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक

@ क्यूँ न लिखूँ सच



कुंदरकी । सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीआईटीयू) उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आगामी एक से तीन दिसंबर को प्रस्तावित %दिल्ली चलो% आंदोलन की तैयारियों को लेकर कुंदरकी ब्लॉक में बैठक शमीम सैफ़ी की देखरेख में हुई जिसमें क्षेत्र की आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक में शमीम सैफ़ी ने कहा केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण मजदूर वर्ग और संविदा कर्मियों का आर्थिक शोषण हो रहा है। उन्होंने बताया उत्तर प्रदेश सीआईटीयू के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, महामंत्री, प्रेमनाथ राय और कोषाध्यक्ष हेमन्त कुमार सिंह के नेतृत्व में मजदूरों की मांगों को लेकर दिल्ली में तीन दिवसीय प्रदर्शन किया जाएगा। प्रमुख मांगों में सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 42,000 रुपये प्रतिमाह करने और मजदूर विरोधी चारों श्रम संहिताओं को तत्काल वापस लेने की मांगें ।झूछंज़ शामिल है। इसके अलावा आंगनबाड़ी, आशा और रसोईया कर्मियों को मानदेय के स्थान पर न्यूनतम वेतन देने के साथ ईपीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी और अन्य कानूनी लाभ प्रदान करने की मांग उठाई जाएगी। सभी सरकारी व निजी विभागों में रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्ति करने, उद्योगों में सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराने, ट्रेड यूनियन व हड़ताल जैसी लोकतांत्रिक गतिविधियों का अपराधीकरण बंद करने तथा वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा व आठ घंटे काम की गारंटी देने पर जोर दिया। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने %मजदूर एकता जिंदाबाद% के नारों के साथ दिल्ली कूच को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान जाफ़री बेगम, रूबी, कुंतीदेवी, लता, अनीता, नसरीन जहाँ रहे।

बीईओ ने विद्यालयों का किया निरीक्षण, बीआरसी पर हुआ स्वागत

कुंदरकी । खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) विनोद कुमार



मेहरा ने कार्यभार ग्रहण करते ही सक्रियता दिखाते हुए विद्यालयों का औचक निरीक्षण एवं सत्यापन शुरू कर दिया है। उन्होंने कुंदरकी नगर स्थित विभिन्न बेसिक पाठशालाओं का भ्रमण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं को परखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर कार्यरत बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से मुलाकात की। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए बीएलओ को फॉर्म-6 भरने तथा मतदाता पंजीकरण से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार से साझा कीं और कार्य को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत, मंगलवार को ही ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) कुंदरकी पहुंचने पर नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का स्थानीय शिक्षकों और कार्यालय कर्मचारियों द्वारा फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। नवागत बीईओ ने शिक्षकों से आपसी समन्वय बनाकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने और विभागीय योजनाओं को धरातल पर उतारने का आह्वान किया। इस दौरान शांतनु शर्मा, तौफीक खान, शिक्षक एवं बीआरसी टीम रही।

देव दीपावली पर काशी को डिजिटल सौगात: अब बिना गाइड सुन सकेंगे 84 घाटों की कहानी, 15 भाषाओं में मिलेगी सुविधा

वाराणसी में देव दीपावली के अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने वाराणसी 84 घाट ऑडियो टूर लॉन्च किया। ऐसे में अब बिना गाइड के काशी के 84 घाटों की ऐतिहासिक विरासत, धार्मिक मान्यताओं और पौराणिक कथाओं को जान सकेंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने पर्यटकों के लिए जीपीएस आधारित %वाराणसी 84 घाट ऑडियो बुक-ऑडियो टूर तैयार की है। देव दिवाली-2026 पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इसका शुभारंभ किया। यह पहल काशी के 84 घाटों की ऐतिहासिक विरासत, धार्मिक मान्यताओं और पौराणिक कथाओं को जानना आसान बनाएगी।



यह सुविधा यूपी टूरिज्म एप पर उपलब्ध है, जिससे पर्यटक बिना गाइड के अपनी सुविधानुसार घाटों का भ्रमण कर सकेंगे। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस डिजिटल पहल की खासियत जीपीएस तकनीक है। पर्यटक जैसे ही किसी घाट के नजदीक पहुंचेंगे, उससे जुड़ा ऑडियो अपने आप शुरू हो जाएगा।गंगा किनारे पैदल या नाव से भ्रमण करते समय हर पड़ाव पर संबंधित स्थल की जानकारी सुनने को मिलेगी। इससे भ्रमण का अनुभव अधिक रोचक और सहज बनेगा। पर्यटक ऑडियो बुक डाउनलोड कर ऑफलाइन इस्तेमाल कर सकते हैं और दुनिया के किसी भी कोने से काशी के घाटों की कहानियां सुन सकते हैं।क्या है खास- देसी और विदेशी पर्यटकों के लिए ऑडियो बुक 15 भाषाओं में तैयार की गई है,

जिनमें हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, तमिल, तेलुगु, गुजराती, कन्नड़, ओड़िया, मलयालम, उर्दू, फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश, जापानी और कोरियाई शामिल हैं। ऑडियो सुनने के साथ पर्यटक लिखित सामग्री और संबंधित तस्वीरें भी देख सकेंगे। इसमें यात्रा की प्रगति पर नजर रखने और बीच में छोड़ी गई जगह से दोबारा भ्रमण शुरू करने जैसे उपयोगी फीचर भी हैं। एप पर अनुभव व सुझाव साझा करने के लिए रेटिंग और कमेंट का विकल्प भी दिया गया है।एप का उपयोग- जीपीएस आधारित इस ऑडियो टूर का लाभ उठाने के लिए पर्यटकों को अपने एंड्रॉयड या आईओएस मोबाइल पर यूपी टूरिज्म का आधिकारिक एप खोलना होगा। वाराणसी 84 घाट ऑडियोबुक-ऑडियो टूर सेक्शन में जाकर अपनी पसंद की भाषा चुननी होगी। पर्यटक पैदल भ्रमण या नाव भ्रमण का विकल्प चुन सकते हैं। जीपीएस आधारित अनुभव के लिए %स्टार्ट टूर एट लोकेशन% और ऑफलाइन या दूरस्थ स्थान से ऑडियो सुनने के लिए इनेबल ऑफलाइन/रिमोट टूर विकल्प का चयन किया जा सकता है। यह सुविधा यूपी टूरिज्म की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

राजकीय कृषि बीज भंडारों पर प्रमाणित एवं उच्च गुणवत्ता वाले बीज आधे अनुदान पर उपलब्ध

